# स्टेट बैंक ऑफ इंडिया सुपरवाइजिंग स्टॉफ को–ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाईटी लि0, पटना के पदधारकों के निर्वाचन हेतु मतदाता सूची।

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया सुपरवाइजिंग स्टाफ को–ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाईटी लि0, पटना के निदेशक मण्डल के गठन हेतु सहकारी निर्वाचन प्राधिकार, सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के आदेश पत्रांक–CEA/12011/343/2026 दिनांक–05.05.2026 (इलेक्शन नं०–09/2026–27) तथा समाहरणालय (सहकारिता), पटना के ज्ञापांक–1626 दिनांक–22.06.2026 के आलोक में प्रकाशित कार्यक्रम के अधीन कुल 17 (सत्रह) निदेशक पद हेतु दिनांक–19.07.2026 को हुए मतदान के पश्चात् दिनांक–21.07.2026 को हुए मतगणना में सामान्य वर्ग में 29 (उन्तीस), महिला वर्ग में 04 (चार) एवं अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग में 02 (दो) अभ्यर्थियों में से सामान्य वर्ग में 14 (चौदह), महिला वर्ग में 02 (दो) एवं अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग में 01 (एक) कुल 17 (सत्रह) अभ्यर्थी समिति के निदेशक मण्डल हेतु निर्वाचन योग्य पाए गए। तत्पश्चात MSCA नियमावली 2002 (यथा संशोधित–2023) में वर्णित विहित प्रपत्र 19 M भरकर सूची अनुमोदन हेतु समाहरणालय, पटना (सहकारिता) के पत्रांक–1977 दिनांक–22.07.2026 के द्वारा सहकारी निर्वाचन प्राधिकार, सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली को भेजा गया। प्राधिकार के **File no. CEA-12011/343/2026 Dated–30.07.2026** (इलेक्शन नं०–09/2026–27) के द्वारा अनुमोदन के आलोक में अभ्यर्थी निर्वाचित घोषित किये गये। निदेशक मण्डल के निर्वाचित सदस्य पदधारक (अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष) के निर्वाचन हेतु मतदाता होंगे।

तद्नुसार स्टेट बैंक ऑफ इंडिया सुपरवाइजिंग स्टाफ को–ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाईटी लि0, पटना के पदधारकों (अध्यक्ष/उपाध्यक्ष) के निर्वाचन हेतु मतदाता सूची निम्नवत् है:–

## निर्वाचित सदस्य

| क्र0स0 | निदेशक का नाम | पिता/पति का नाम | श्रेणी/वर्ग |
|---|---|---|---|
| 1 | Nikesh Nandan, | S/o- Shri Uma Shankar Singh, | सामान्य |
| 2 | Shivadhar Lal, | S/o- Radhe Lal, | सामान्य |
| 3 | Mukesh Kumar, | S/o- Kapil Deo Pandey | सामान्य |
| 4 | Prashant Kumar Mishra, | S/o- Baleshwar Mishra | सामान्य |
| 5 | Rajneesh Kumar Srivastava, | S/o- Late Anand Bihari Srivastava | सामान्य |
| 6 | Abhishek Keshri | S/o Ashok Kumar Rudra | सामान्य |
| 7 | Manoj kumar Sinha, | S/o Ram Prasad Sinha | सामान्य |
| 8 | Vijay Kumar Bharati, | S/o- Sri Tuntun Bharti | सामान्य |
| 9 | Mr. Pankaj kumar, | S/o- Late Awadhesh Kumar Singh | सामान्य |
| 10 | Pramod Kumar Rakesh, | S/o- Late ram raj Choudhary, | सामान्य |
| 11 | Ritesh Kumar, | S/o- Late Trilok Nath Prasad | सामान्य |
| 12 | Sameer Kumar Singh, | S/o- Late Rajendra Prasad | सामान्य |
| 13 | Vijay Shankar Roy, | S/o- Sri Rajneti Roy, | सामान्य |
| 14 | Rakesh Kumar Gupta, | S/o- Late Rajendra Sahu | सामान्य |
| 15 | Pallavi Parashar, | W/o- Rahul Kumar Rai | महिला |
| 16 | Seema Sinha, | W/o- Late Girija Nandan Sinha | महिला |
| 17 | Rakesh Kumar Choudhary, | S/o- Sitaram Choudhary | अनुसूचित जाति/जनजाति |

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया सुपरवाइजिंग स्टाफ को–ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाईटी लि0, पटना के पदधारक (अध्यक्ष/उपाध्यक्ष) के पद पर निर्वाचन हेतु अभ्यर्थी, प्रस्तावक एवं समर्थक निर्वाचित सदस्यों में से ही होंगे।

पदधारको का निर्वाचन कार्यक्रम सहकारी निर्वाचन प्राधिकार, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा दिनांक–03.08.2026 से दिनांक 04.08.2026 तक निर्धारित की गयी है।

दिनांक–04.08.2026 को मतदान पूर्वाह्न 11:00 बजे से प्रारंभ होगा। 11:00 बजे तक सभी मतदाताओं को निर्धारित मतदान कक्ष पर पहुँचना अनिवार्य होगा। 11:30 बजे पूर्वाह्न के बाद मतदान कक्ष में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जायेगी। निर्वाचित मतदाता मूल प्रमाण पत्र एवं एक फोटो पहचान पत्र के साथ आयेंगे। मनोनीत मतदाता मनोनयन संबंधी निर्गत आदेश एवं एक फोटो पहचान पत्र के साथ उपस्थित होंगे।

मतदाताओं द्वारा इच्छुक उम्मीदवार के नाम के समक्ष केवल क्रॉस (x) का चिन्ह अंकित कर मतदान किया जायेगा। अन्य चिन्ह अंकित किये जाने पर मतपत्र रद्द कर दिया जायेगा। एक से अधिक उम्मीदवार के सामने क्रॉस (x) चिन्ह लगाने पर भी मतपत्र रद्द कर दिया जायेगा।

ह०/-

**जिलाधिकारी, पटना**
**–सह–**
**निर्वाची पदाधिकारी**
**स्टेट बैंक ऑफ इंडिया**
**सुपरवाइजिंग स्टाफ को–ऑपरेटिव**
**क्रेडिट सोसाईटी लि0, पटना।**

**ज्ञापांक –2095 /(जि०सह०शाखा) पटना, दिनांक –01/08/2026**

**प्रतिलिपि :–** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया सुपरवाइजिंग स्टाफ को–ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाईटी लि0, पटना के पदधारकों के निर्वाचन हेतु सभी निर्वाचित निदेशक मण्डल को सूचनार्थ प्रेषित।

**प्रतिलिपि :–** CEO, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया सुपरवाइजिंग स्टाफ को–ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाईटी लि0, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। निदेश दिया जाता है कि मतदाता सूची को मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया सुपरवाइजिंग स्टाफ को–ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाईटी लि0, पटना के अधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड करना सुनिश्चित करेंगे एवं सभी 17 (सत्रह) मतदाताओं (17–नवनिर्वाचित निदेशकों) को अपने स्तर से सूचित कर दें।

**प्रतिलिपि :–** अध्यक्ष, सहकारी निर्वाचन प्राधिकार, सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली को सूचनार्थ प्रेषित।

**जिलाधिकारी, पटना**
**–सह–**
**निर्वाची पदाधिकारी**
**स्टेट बैंक ऑफ इंडिया**
**सुपरवाइजिंग स्टाफ को–ऑपरेटिव**
**क्रेडिट सोसाईटी लि0, पटना।**